हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

अनुशासित बच्चे ही लक्ष्य प्राप्त करते हैं 10



शीतलहर से बचने अलाव का सहारा... 12





## खबर संक्षेप

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, संस्था परिवर्तन की तिथि 10 तक

**बलौदाबाजार।** जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आदि के संस्था प्रमुख व छात्रवृत्ति प्रभारी एवं विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन, वर्ष परिवर्तन की प्रक्रिया राज्य स्तर से प्रारंभ कर दी गई है, जिसकी अंतिम तिथि 5 से 10 जनवरी तक ही निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात प्रेषित जानकारी पर विचार नहीं की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**महासमुंद।** साल्हेतराई के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पृथ्वी राज भोई पिता सुकलांबर भोई (38 साल) पाईकपारा 2 जनवरी को अपने मो. सा. क्रमांक सीजी 06 जीबी 4725 से घरेलू कार्य से सांकरा गया था, सांकरा से वापस अपने ग्राम पाईकपारा थाना बलौदा आ रहा था। जब एनएच 53 मेन रोडके पास पहुंचा था तभी किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पृथ्वीराज के मोटर साइकिल को एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उपचार हेतु बसना अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग : जिले की 8 सर्वश्रेष्ठ स्कूलें पुरस्कृत

## कलेक्टर दीपक सोनी ने चयनित शालाओं के प्राचार्यों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 अंतर्गत जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित 8 शालाओं के प्राचार्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसमें विकासखण्ड बलौदाबाजार के बांगर पब्लिक स्कूल भरूवाडीह एवं जवाहर नवोदय विद्यालय लवन, विकासखण्ड भाटापारा के पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सुरखी, विकासखण्ड कसडोल के डॉ. कन्हैयालाल शर्मा प्राथमिक शाला कसडोल, विकासखण्ड पलारी के पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला छड़िया एवं शासकीय प्राथमिक शाला बिनौरी, विकासखण्ड सिमगा के आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल हिरमी शामिल हैं।जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा ने बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार जिला स्तरीय सत्यापन समिति के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा आवेदनों की जांच कर डीएलसी उन्मुखीकरण और समय रेखा के साथ भौतिक सत्यापन के लिए मूल्यांकनकर्ताओं को स्कूलों को सौंपते हुए उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्री भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 का शुभारंभ किया गया है, जिसमें हरित घटक पर विशेष बल देते हुए मिशन लाईफ गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है।



### 60 बिंदुओं के आधार पर शालाओं की रेटिंग

मूल्यांकनकर्ताओं के भौतिक सत्यापन और स्कोर अपडेशन के आधार पर अंतिम स्कोर के अनुसार जिला स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा 8 स्कूलों का जिला स्तर के पुरस्कार के लिए चयन करते हुये राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु नामांकित किया गया है। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 के अनुसार जिले के शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त व अशासकीय शालायें, आवासीय, नवोदय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, सीबीएससी से संबद्ध कुल 1718 शालाओं द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया, जिसमें से 1576 शालाओं द्वारा 60 बिन्दुओं पर आधारित सर्वेक्षण फार्म भरा गया, जिसके आधार पर रेटिंग प्रदाय की गई। इसका उद्देश्य शालाओं को 6 प्रमुख विषयों पानी, शौचालय, साबुन से हाथ धोना, संचालन व रख-रखाव, व्यवहार परिवर्तन और क्षमता निर्माण तथा मिशन लाइफ गतिविधियों में स्व-मूल्यांकन व सुधार करने लिए सशक्त बनाना है।

## हादसा : खुशियां मातम में बदली, सगाई के लिए पैसा निकालने गया था युवक

# हाईवा ने स्कूटी को मारी टक्कर : मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

छत्तीसगढ़ के बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत टुंडरी के मुख्य मार्ग पर मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने भाग रहे हाइवा चालक को घेराबंदी कर पकड़ा और पुलिस के हवाले किया।

मृतक की पहचान 25 वर्षीय विकास कश्यप निवासी खैरताल जिला जांजगीर-चांपा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि विकास अपने चचेरे भाई राकेश कश्यप के सगाई कार्यक्रम में शामिल होने टुंडरी आया था। घर में उत्सव का माहौल था, तभी पिता शिव कश्यप ने विकास को एटीएम से पैसे निकालने के लिए स्कूटी देकर भेजा। रास्ते में ही मौत काल बनकर आई और परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे टुंडरी बैरियर के पास दौड़ाकर पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बिलाईगढ़ अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।





### हाइवा चालक गिरफ्तार

थाना प्रभारी शिवकुमार धारी के अनुसार, हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीएस 9437 रायगढ़ की ओर से शिवरीनारायण की तरफ जा रहा था। टुंडरी मुख्य मार्ग पर चालक कुलदीप सिंह ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विकास की स्कूटी क्रमांक सीजी 11 बीपी 2895 को जोरदार टक्कर मार दी।

# पीड़ीएस दुकानों में रजत जयंती चावल उत्सव मना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेशानुसार पीड़ीएस दुकानों में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को शासकीय उचित मूल्य की दुकान लटेरा में चावल उत्सव मनाया गया। इस दौरान सभी हितग्राहियों को माह जनवरी का चावल-शक्कर-नमक वितरण किया गया। साथ ही हितग्राहियों का ई -केवायसी भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य रविदास बंजारे, सरपंच ललिता साहू, प्राथमिकता कार्डधारी, अंत्योदय कार्डधारी, निराश्रित कार्डधारी, सामान्य कार्डधारी, निगरानी समिति के सदस्यगण, पंचगण उपस्थित थे।

# ट्रैफिक नियम तोड़ना अब महंगा पड़ेगा : जिला पुलिस ने जारी किया 'त्रिनयन' हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले की सड़कों पर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने एक अभिनव पहल की है। अब शहर का हर नागरिक यातायात पुलिस की तीसरी आंख बनेगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा 'त्रिनयन' शिकायत हेल्पलाइन नंबर 94792 26641 जारी किया गया है।




इस अभियान के तहत आम नागरिक अब यातायात नियमों का मखौल उड़ाने वाले वाहन चालकों की सीधी शिकायत कर सकेंगे। यदि कोई चालक तेज रफ्तार, बिना हेलमेट, गलत दिशा में वाहन चलाने या अन्य नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो लोग उसका फोटो या वीडियो बनाकर त्रिनयन हेल्पलाइन नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेज सकते हैं।

इस अभियान के अंतर्गत प्राप्त फोटो और वीडियो के आधार पर संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध तत्काल चालानी कार्रवाई की जाएगी। इस मुहिम का उद्देश्य यातायात व्यवस्था में आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। जिले में सुरक्षित सफर और सुगम यातायात सुनिश्चित करना तथा नियम तोड़ने वालों में कानून का भय पैदा करना।

पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में शुरू किए गए इस अभियान से जिले की यातायात व्यवस्था में बड़े सुधार की उम्मीद है। पुलिस का मानना है कि जब जनता खुद जागरूक होकर नियमों का उल्लंघन करने वालों की जानकारी देगी, तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात नियमों के प्रति लोगों में जिम्मेदारी का भाव पैदा होगा।

# बाइक और ट्रैक्टर की भिड़ंत में चालक घायल, दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सरसीवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेंड्रावन के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से वाहन लेकर फरार होने में कामयाब रहा।

जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान ग्राम बालोदी निवासी धनेश जाटवर के रूप में हुई है। धनेश अपने एक साथी के साथ बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वे पेंड्रावन से आगे पहुंचे, सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार को गंभीर चोटें आई हैं।



हादसे के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की मदद से लहुलूहान स्थिति में घायल धनेश को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ने रुकने के बजाय मौके से भागना बेहतर समझा।

### जांच में जुटी सरसीवां पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही सरसीवां पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा फरार ट्रैक्टर और उसके चालक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों पर हुई कार्रवाई

# आबकारी विभाग ने जब्त की 35 लीटर शराब और नष्ट किया 300 किलो लहान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार को 25600 रुपये का अवैध शराब जब्त कर महुआ लाहन को नष्ट किया। जानकारी के अनुसार कसडोल वृत्त ग्राम चिखली, चौकी सोनाखान में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी राजेन्द्र कुमार पिता प्रेमलाल 37 वर्ष ग्राम चिखली के कब्जे से 25 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त की। हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब का बाजार मूल्य 5000 रुपये होना पाया एवं 300 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया। महुआ लाहन का बाजार मूल्य 18 हजार होना पाया गया। आरोपी राजेन्द्र कुमार पिता प्रेमलाल 37 वर्ष ग्राम चिखली के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) च 34(2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।



इसी प्रकार पलारी वृत्त ग्राम सरकीपार थाना पलारी में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी सरजू बंजारे पिता गज्जू बंजारे 38 वर्ष के कब्जे से 10.08 लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया। जब्त शराब की कीमत 5,600 रुपये आंकी गई है। आरोपी सरजू पिता गज्जू बंजारे 38 वर्ष सा. सरकीपार थाना पलारी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक पी. माधव राय, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा, दुर्गेश्वरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# बड़े बकायादारों पर गिरी गाज, काटे गए 75 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन


**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

बिजली विभाग द्वारा बड़े बकायादारों पर लगातार कार्रवाई जारी है। जिले में बिजली बिल की बकाया राशि की वसूली को लेकर विद्युत विभाग द्वारा सख्त कदम उठाते हुए अधीक्षण अभियंता महासमुंद (वृत्त) वायके मनहर के निर्देशन में गठित टीम द्वारा राजस्व वसूली अभियान चलाते हुए बिरकोनी वितरण केंद्र अंतर्गत बकायादार उपभोक्ताओं की सामूहिक रूप से बिजली लाइन विच्छेदन की कार्रवाई की गई। इस अभियान का नेतृत्व महासमुंद संभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा द्वारा किया गया। 06 जनवरी को की गई कार्रवाई में बिरकोनी वितरण केंद्र क्षेत्र के कुल 75 उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काटी गई, जिन पर कुल बकाया राशि 37 लाख 73 हजार 366 रुपये थी।

## जिले में बिजली बिल की बकाया राशि की वसूली को लेकर विद्युत विभाग हुआ सख्त

### इन उपभोक्ताओं की लाईन काटी गई

लाइन विच्छेदन की कार्रवाई जिन प्रमुख उपभोक्ताओं पर की गई, उनमें इंद्रमन विश्वकर्मा, बिसौहा चंद्राकर (बिरकोनी), लोकनाथ साहू (खट्टीडीह), मेघनाथ साहू, संतोष यादव, गोविंदराम (कांपा), दीपक बघेल, सेवाराम मानिकपुरी (बेलसोंडा) सहित अन्य उपभोक्ता शामिल हैं।



### 17 उपभोक्ताओं से हुई सवा 6 लाख की वसूली

कार्रवाई के पश्चात 17 उपभोक्ताओं द्वारा तत्काल कुल 6 लाख 14 हजार 678 रुपये की राशि जमा कराई गई। विद्युत विभाग ने बताया कि राजस्व वसूली की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### अनधिकृत लाईन जोड़ने पर भी होगी कार्रवाई

विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन उपभोक्ताओं की बिजली लाइन विच्छेदित की गई है, यदि उनके द्वारा अनधिकृत रूप से लाइन जोड़ी जाती है, तो उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अपने बकाया बिजली बिल का समय पर मासिक भुगतान सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप



### सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर लोक गायिका को किया सम्मानित

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के चंडी मंदिर में पौष पूर्णिमा पर सांस्कृतिक रंगमंच में रात्रि 11 बजे छत्तीसगढ़ के लोक गायिका पूनम विराट तिवारी एवं दिव्या तिवारी राजनांदगांव की रंग छतिसा सांस्कृतिक कार्यक्रम का दर्शकों ने आनन्द लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण के अलावा आसपास जिलों के लोगों की उपस्थिति रही। कलाकारों ने सर्वप्रथम मां चंडी देवी पूजा आरती गीत से शुभारंभ किया। बाद पारम्परिक छत्तीसगढी गीत, धार्मिक, सेवा, जसगीत सहित छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक को मनोरंजन के माध्यम से बिखेरा, जिसका आनंद सभी वर्गों ने लिया। इस अवसर पर चंडी मंदिर समिति व ग्रामीणों ने लोक गायिका को सम्मानित किया। इस मौके पर उमेश चंद्राकर, सुधेराम सेन, शत्रुहन यादव, राजेंद्र चंद्राकर, कमल साहू, बलराम पटेल, नाना मानिकपुरी, राहुल सेन, संतोष साहू, चुन्ने साहू आदि मौजूद रहे।

### अभ्युदय संस्थान में होगा जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



छत्तीसगढ़ के सभी शिक्षा अधिकारी अभ्युदय संस्थान से जीवन विद्या से परिचित

महासमुंद। मानव समाज के सेवा के लिए समर्पित छत्तीसगढ़ राज्य के 30 हजार से अधिक सरकारी शिक्षकों समेत राज्य के सभी डीईओ, डीपीसी, डाइट प्राचार्यों और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के सभी प्राध्यापकों को जीवन विद्या परिचय शिविर कराने वाली अभ्युदय संस्थान अछोटी के बारे में मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि अभ्युदय संस्थान अछोटी मूल रूप से 17 परिवारों के तन-मन-धन के समर्पण से बना है। यह संस्थान शिक्षा के मानवीय करण के लिए समर्पित है। छत्तीसगढ़ राज्य के 30 हजार से अधिक शिक्षकों को जीवन विद्या शिविर से परिचय करा चुकी है। परिवारजनों के आपसी सहयोग से संस्थान संचालित है। जीवन विद्या, मध्यस्थ दर्शन, भारतीय ज्ञान परंपरा के नवीनतम दर्शन से प्रभावित होकर इस संस्थान का निर्माण किया गया है। संस्थान को निशुल्क सेवा करते हुए 25 वर्ष हो गये हैं, जिसका रजत जयंती उत्सव 10 व 11 जनवरी को मनाया जाएगा।

### पेंशनरों की मासिक बैठक आज

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 7 जनवरी बुधवार को 12 बजे से रखी गई है जिसमें जन्मदिवस वालों को बधाई एवं नये सदस्यों का सम्मान तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहनलाल साहू ने दी है।

### मड़ेली में रामकथा 9 से

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में दिव्य रामकथा का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक दोपहर 2 से किया गया है। कथावाचक मानस केशरी प्रमोद शास्त्री बेमेतरा होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि बाजार चौक मड़ेली में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 तक प्रख्यात मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। दोपहर 2 बजे राम कथा हरि इच्छा तक आयोजित होगी। संध्याकालीन 6 से 8 बजे तक जय तुलसी रामधुनी मंडली मड़ेली का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## नियमों के पालन की शपथ लेकर शुरू हुआ जन-जागरूकता अभियान

# 36वें सड़क सुरक्षा माह का भव्य आगाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**





जिला ऑडिटोरियम में मंगलवार को गरिमामयी समारोह के साथ 36वें सड़क सुरक्षा माह 2026 का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नपा अध्यक्ष अशोक जैन और पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए पुलिस के साथ आमजनों का सहयोग अनिवार्य है। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं और नागरिकों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। साथ ही, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**महीने भर चलेंगे विविध कार्यक्रमः** यातायात पुलिस द्वारा 1 से 31 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत कई विशेष आयोजन किए जाएंगे, जिसमें चौक-चौराहों पर लाउडस्पीकर और पाम्पलेट के माध्यम से समझाइश। स्कूलों में निबंध, चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन। बस, ऑटो और भारी वाहन चालकों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर। परिवहन विभाग के समन्वय से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु विशेष शिविर लगाये जाएंगे।

पूरे माह हेलमेट पहनने और नियमों का पालन करने वाले चालकों को फूल और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। यातायात पुलिस ने अपील की है कि अनुशासित ड्राइविंग से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार और डीएसपी (यातायात) अमृत कुजूर की टीम कर रही है।

# पेंशनधारी कल्याण संघ के सदस्यों ने मनाया नववर्ष



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

जिले में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला एवं तहसील शाखा बलौदाबाजार की मासिक बैठक पेंशनर भवन में संपन्न हुई। जहां नव वर्ष मिलन समारोह भी आयोजित किया गया।

बैठक में भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के नितिन संघवी, शाखा प्रबंधक इंद्र प्रकाश सिंघल द्वारा बैंक से मिलने वाली सुविधा जमा राशि का सुरक्षित निवेश साइबर फ्रॉड से बचने सावधान रहने को कहा। तहसील शाखा अध्यक्ष रघुनाथ पटेल द्वारा अपने सुमधुर भजन से सब का मन मोह लिया। बैठक को बलौदाबाजार अध्यक्ष तारनसिह ठाकुर, पलारी अध्यक्ष संतोष कन्नौज, जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, सचिव सोन चंद वर्मा, नारायण चंद्राकर, कोमल सिंह वर्मा, कमल नारायण यदु, पुनीत राम वर्मा द्वारा संबोधित किया। बैठक में संरक्षक हलदर वर्मा, आर एन वर्मा, डोमार सिंह बीरबर, रमेश कुमार वर्मा, हेमलाल वर्मा, वेद राम वर्मा, भूषण बंजारे, भवानी प्रसाद धुरव, कुबेर सिंह पैकरा, एम एल बंजारे, राजेश्वर प्रसाद सेन, कांति शर्मा, हिरौंदी बाई सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

# अनुशासित बच्चे ही लक्ष्य प्राप्त करते हैं

**हरिभूमि न्यूजू ▶▶| पलारी**



विकासखंड पलारी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आयी तीन बालिकाओं ने ज्ञानवर्धक जीवनोपयोगी उपदेश परक बातें बच्चों को बतलायी। कुमारी कल्याणी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं बच्चों को नैतिक शिक्षा संस्कार परक शिक्षा जरूरी है जो बच्चे अनुशासित होते हैं वहीं लक्ष्य को आसानी से प्राप्त करते हैं। जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है। समय की पाबंदी लगन के साथ पढ़ाई और अपने से बडों का आदर सादा जीवन उच्च विचार ही व्यक्ति को महान बनाता है।

■ देव संस्कृति विवि हरिद्वार की तीन बालिकाओं ने बच्चों को बतायी ज्ञानवर्धक बातें

संस्कृत व्याख्याता डॉ. कोमल वैष्णव ने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की छात्राएं हमारे विद्यालय के बच्चों को जागरूक करने के लिए ज्ञानवर्धक जीवनोपयोगी बातें बताने के लिए अपना महत्वपूर्ण समय दी है। इसके विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया हैं तथा निश्चित रूप से हमारे बच्चों को ज्ञान का लाभ मिला है।

उक्त अवसर पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय की तीन छात्राएं कुमारी कल्याणी, कुमारी नेहा, कुमारी श्रुति द्विवेदी, गायत्री शक्तिपीठ पलारी के रामेश्वरी पटेल, धनेश्वरी पटेल, रामकुमारी पटेल, मोती लाल पटेल, डॉ लोकेश साहू, प्रभारी प्राचार्य डॉ कोमल वैष्णव,पीके साहू, विजय कुर्रे, अरविंद ध्रूव, रश्मि ठाकुर, योगेश्वरी धुरंधर, पूजा जायसवाल, महेश्वरी वर्मा, गीतिका प्रधान, रविशंकर साहू, योगेश वर्मा, सुदेश विश्वकर्मा, कमल कोसले, प्रकाश चन्द्र धेनुसेवक आदि उपस्थित थे।

# दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान श्री के विभिन्न अवतारों की स्थापित होगी प्रतिमाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**



नगर के नव निर्मित दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान श्री के विभिन्न अवतारों की प्रतिमाओं को स्थापित किया जाना है। जैन मंदिर के पंचकल्याणक महोत्सव में नगर के वरिष्ठ व धर्म प्रेमी पं. धन्यवाद प्रसाद जैन एवं ऋषभ जैन परिवार द्वारा भगवान श्री की प्रतिमा को विराजमान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसी क्रम में जयपुर से लाई गई श्री श्री 1008 श्री नेमीनाथ भगवान की अष्टधातु की प्रतिमा को सिविल लाइन्स स्थित पंडित धनप्रसाद अनुराग जैन के संकल्प के तहत उनके निज निवास में विधि विधान व गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराते हुए जन दर्शनार्थ लाया गया, जहां कल दिनभर भगवान श्री का जैन धर्म के अनुयायियों व धर्म प्रेमियों ने दर्शन किया। रात्रि मे संगीतमय भजन कीर्तन का श्रद्धालुओं ने रसपान किया। विदित हो कि नेमीनाथ भगवान जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर हैं। कार्यक्रम को संगीतकार अखिलेश पदमवार, ऋषभ पुजारी व नितेश राव कि भजन मंडली ने अपने सुरु साधना व वाद्य से जीवंत बना दिया। भगवान नेमीनाथ की गीत नित सहित आराधना की गई जिसमे नगर के प्रतिष्ठित इंद्रकुमार जैन, मनोरमा जैन, पदम बीना जैन, दिनेश ममता जैन, पीयूष शालिनी जैन, श्रेयांश जैन, संदीप ज्योति जैन, प्रमोद अन्नी जैन, श्रेयांश डिम्पल जैन, आशुतोष जूही जैन, श्रीमती शोभा जैन, रमेश शांति जैन, महेन्द्र मीना जैन, शैलेश सारिका जैन, मनोज मनीषा केडिया, तारा लक्की जैन, सहित सम्पूर्ण जैन समाज सपरिवार उपस्थित था। गणमान्य नागरिकों मे एस एम पाध्ये, राजेश दीप्ति मिश्रा, पृथ्वीपाल द्विवेदी डॉ दानियां प्रसाद भी उपस्थित थे।

■ भगवान नेमीनाथ की अष्टधातु निर्मित प्रतिमा जन सामान्य के दर्शनार्थ रखी गई

## जिले में शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर 11 जनवरी तक

**धमतरी।** अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) पुलिस मुख्यालय परिसर अटल नगर नवा रायपुर द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता एवं चुनौतियों के प्रति जागरूक करने तथा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में धमतरी जिले में 5 से 11 जनवरी तक सभी जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी में शिक्षार्थी (लर्नर) लाइसेंस बनाए जाने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी मुजाहिद खान ने बताया कि इन शिविरों में इच्छुक व्यक्ति संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अपना शिक्षार्थी लाइसेंस बनवा सकते हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आमजन से अपील हुए कहा कि आपका जीवन अमूल्य है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा वैध लाइसेंस बनवाकर सुरक्षित यातायात को बढ़ावा दें।

## अखिल भारतीय अंतर विवि स्पर्धा के लिए यशोदा का चयन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद की छात्रा यशोदा साहू का चयन पूर्वी क्षेत्रीय/अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन (महिला) प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 07 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2026 तक संबलपुर विश्वविद्यालय, ओडिशा में आयोजित की जाएगी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार ने यशोदा साहू को इस गौरवपूर्ण चयन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और इससे अन्य छात्राओं को भी खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी कविता गहीर ने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यशोदा साहू की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का ही यह परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगी। वहीं क्रीड़ा अधिकारी दुलामनी रौतिया ने भी छात्रा को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर चयन महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षण एवं खेल वातावरण की सफलता को दर्शाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार सहित समस्त प्राध्यापकगण, डॉ सरस्वती वर्मा, लोकनाथ तारक, डॉ चित्रलेखा साहू, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ हेमेंद्र साहू, संजय वर्मा, जनभागीदारी शिक्षक पूजा साहू, प्रेरणा कापसे, चमन आडिले, अहिल्या लहरे, मनीष बंजारे, विनोद बंजारे एवं कामिन निषाद ने छात्रा यशोदा साहू की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

# समानुपात में धान का उठाव नहीं इसलिए कई केंद्रों में मेगा जाम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी**

खरीदी केंद्रों में जाम की समस्या से मुक्ति नहीं मिल रही है। बेतरतीब ढंग से उठाव के चलते कई खरीदी केंद्रों में जाम बफर लिमिट से तीन से चार गुना ज्यादा गया है। अब तो उन केंद्रों में धान खरीदी करने में काफी समस्या आ रही है।

■ छाती खरीदी केंद्र में बफर लिमिट से तीन गुना ज्यादा धान जाम

धान का उठाव इस साल खरीदी केंद्रों के लिए नासूर बन गया है। विभिन्न समस्याओं के चलते राइस मिलर्स उठाव पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं संग्रहण केंद्रों में अब तक धान स्टोर करना शुरू नहीं किया गया है। इसके चलते खरीदी केंद्रों में जाम के उपर जाम लगता जा रहा है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि उठाव में भेदभाव की स्थिति है। कई खरीदी केंद्रों से लगातार धान का उठाव हो रहा है, जबकि कई खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं के बराबर हो रहा है। छाती खरीदी केंद्र के प्रबंधक ने बताया कि उनके केंद्र में कुल खरीदी 54,381 क्विंटल हो चुकी है। जबकि परिवहन मात्र 13,940 क्विंटल ही हुआ है। परिवहन के लिए 40,441 क्विंटल शेष है। यहां पर बफर लिमिट से तीन गुना ज्यादा धान जाम हो चुका है। अब खरीदी में काफी समस्या आ रही है। यही स्थिति रही तो खरीदी बंद हो सकती है। जानकारी के अनुसार खरीदी के लिए डीओ एनआईसी के माध्यम से ऑनलाइन काटा जा रहा है। यदि एनआईसी में व्यवस्था सुधार ली जाती है तो उठाव भी समानुपात में हो जाएगा।

खरीदी केंद्रों में अब प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ा दी गई है, जिसके चलते खरीदी की रफ्तार भी 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है। पहले रोजाना 1 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो रही थी।

## भालू की मौजूदगी पर चर्चा की गई

# धमनी वन प्रबंधन समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी**



विकासखंड पलारी से 15 किलोमीटर दूर चित्रोत्पला महानदी के किनारे वन विश्राम गृह प्रांगण में वन प्रबंधन समिति धमनी की बैठक में ग्राम जोराडबरी और धमनी के मध्य प्रथमतः जंगल की समीक्षा की गई, जिसके तहत बीते सोमवार शाम वन कक्ष क्रमांक 32 में भालू की मौजूदगी पर चर्चा की गई। जिसे भालू भी दिखाई दें त्वरित जानकारी दिए जाने, एक दूसरे का सम्पर्क नंबर लिया दिया गया। इसके बाद महानदी में जल बिहार हेतु सभी युवा सदस्यों द्वारा प्लास्टिक के नाव पैडल नाव क्रय करने प्रति सदस्य पांच हजार रुपये जमा करने का संकल्प लिया। साथ ही जल विहार सुरक्षा कीट की व्यवस्था की जायेगी।

डीएफओ गणवीर धम्मशील वन मंडल बलौदाबाजार के निर्देश एवं उप वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार के नेतृत्व में लघु वनोपज संग्रहण हेतु बहेड़ा छिलका, नागर मोथा के लिये महिला समुह धमनी को एकत्र रखने के तरीका लघु वनोपज विशेषज्ञ और लघु वनोपज व्यवस्थापक ठाकुर राम साहू द्वारा जानकारी दी। इस अवसर पर धमनी ग्राम पंचायत सरपंच हरदयाल पैकरा, जनपद चंद्र कुमार पैकरा, ग्राम युवा अध्यक्ष पीलाराम निर्मलकर, गिरीश यदु, हरेंद्र यदु, अजय पैकरा, नरोत्तम निषाद, विनोद निषाद, दुलार पैकरा, द्रोण पटेल, जोराडबरी से वरिष्ठ नागरिक शत्रुहन साहू, राधेश्याम यदु, अजय ध्रुव, वन विभाग से सीएफओ धर्म सिंह बरिहा, बीएफओ मनबोधन टंडन, अध्यक्ष रामनारायण यादव वन प्रबंधन समिति धमनी उपस्थित थे। बैठक के अंत में प्रकृत्ति द्वारा प्राकृतिक रक्षार्थ जंगल में उपस्थित भालू के खोज खबर लेने जानकारी हेतु संभावित स्थानों पर गश्त की गई। सावधानी बरतने के लिये सलौनी, खैरी, धमनी,जोराडबरी, मुडियाडीह, अमेठी को सजग रहने मुनादी करवायी गयी।

# खरीदी केंद्र में पुराने धान खपाने की कोशिश नाकाम : 17.20 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान अनियमितता का एक मामला सामने आया है। सहेला धान खरीदी केंद्र में सोमवार को एक किसान द्वारा पुराने धान को खपाने का प्रयास किया गया, जिसे समिति प्रबंधन की सतर्कता से पकड़ लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान कान्हा ध्रुव द्वारा उमा शर्मा, पति रोहित शर्मा के नाम से टोकन कटवाकर लगभग 105 कट्टा धान महामाया बिक्री के लिए लगाया गया था, जिसमें से 18 कट्टा (करीब 17.20 क्विंटल) धान बेचने के उद्देश्य से सुहेला धान खरीदी केंद्र लाया गया था। धान की अनुमानित कीमत लगभग 22 हजार 380 रुपए बताई जा रही है। समिति प्रबंधक शिवदास मानिकपुरी द्वारा जब धान की जांच की गई, तो यह स्पष्ट हुआ कि प्रस्तुत किया गया धान पुराना (महामाया किस्म का) है, जिसे चालू खरीदी में खपाने की कोशिश की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल तहसीलदार को फोन पर सूचना दी गई।सूचना मिलते ही तहसीलदार मौके पर धान खरीदी केंद्र पहुंचे और जांच उपरांत पुराने धान को जप्त करने की कार्रवाई की गई। जब्त किए गए धान को विधिवत समिति प्रबंधक के सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त संबंध में किसान कान्हा ध्रुव ने कहा कि उमा शर्मा पति स्वर्गीय रोहित शर्मा के खेतों को मेरे द्वारा अधीया रेगहा लेकर किसानी का कार्य किया जाता है।

## समिति प्रबंधन की सतर्कता से मामला पकड़ा गया





### धान खरीदी केंद्रों में हड़कंप

इस संबंध में समिति प्रबंधक शिवदास मानिकपुरी ने बताया कि जांच के दौरान धान के पुराने होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद प्रशासन को अवगत कराया गया। तहसील प्रशासन द्वारा नियमानुसार जप्ती की कार्रवाई की गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद धान खरीदी केंद्रों में हड़कंप की स्थिति है। वहीं, समिति प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी धान की गुणवत्ता की सख्त जांच जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने खेमडा से रेमड़ा जाने का मार्ग पर एक युवक के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी दुर्गेश कुर्रे पिता सुशील कुर्रे (19 साल) निवासी सावित्रीपुर के कब्जे से कुल 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 4000 रुपए व घटना में प्रयुक्त जुपिटर स्कूटी बिना नंबर कीमत करीबन 65,000 रुपए कुल 69,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### युवक के साथ मारपीट, तीन के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** एक युवक के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि 05 जनवरी की शाम करीब 7:30 बजे गांव के किशन वरगे, समीर भोई, साहिल साहू गांड़ापारा चौक के पास आये और फुटबाल खेलने के दौरान धक्का मुक्की की बात को लेकर अजय हंसा के साथ मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### घोड़ारी में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर 30 को

**महासमुंद।** अनुसूचित जातियों के हित में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आदिवासी विकास विभाग द्वारा अस्पृश्यता निवारणार्थ एवं प्रचार-प्रसार सद्भावना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के अधिकारी ने बताया कि यह शिविर 30 जनवरी को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम घोड़ारी में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

### आर्ष कन्या गुरुकुल में नेत्र परीक्षण शिविर 9 को

**खल्लारी।** खल्लारी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीकेबाहरा में आर्ष कन्या गुरुकुल व निरोगधाम योग नेचुरोपैथी वैलनेस बीकेबाहरा के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आर्ष कन्या गुरुकुल परिसर में शुक्रवार 9 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा।
उक्त आयोजन में एमजीएम आंख का अस्पताल के सहयोग से यह आयोजन होगा। आयोजन मंडल के सदस्य हेमलता साहू ने बताया कि उक्त आयोजन के दिन नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान चश्मे निःशुल्क प्रदान होगी। वहीं शिविर में आपरेशन के पंजीयन के लिए मरीज को मोबाइल नंबर व आधार कार्ड, राशनकार्ड की फोटो काफी देनी होगी। जहां सभी लोग अपने आंखों की जांच करा सकते हैं। जिनका उम्र उम्र 50 वर्ष से अधिक उसे विशेष रूप जांच करने की आवश्यकता है। शिविर में मोतियाबिंद की जांच के उपरांत मोतियाबिंद के सभी मरीजों को ऑपरेशन के लिए उसी दिन आंख का एमजीएम अस्पताल रायपुर ऑपरेशन के लिए ले जाया जाएगा। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा। साथ ही अस्पताल में मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के दौरान भोजन, ठहरने तथा मरीजों के आने जाने के लिए वाहन व्यवस्था रहेगी। शिविर के आयोजक मंडलों ने बीकेबाहरा विशाल नेत्र परीक्षण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने क्षेत्रवासी व ग्रामीणजनों को अपील की है।

### जीजामगांव में शिव महापुराण कथा 15 से

**जीजामगांव।** शिवशक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 15 से 22 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक हलधरनाथ जोगी कोपरा राजिम होंगे। प्रथम दिवस 15 जनवरी को देव स्थापना, 16 जनवरी को शिव कथा प्रारम्भ, 17 जनवरी को शिवतत्व महत्तम, 18 जनवरी नन्दी जन्म कथा, 19 जनवरी को शिव पार्वती विवाह, 20 जनवरी को कार्तिक जन्म, 21 जनवरी गणेश जन्म, 22 जनवरी शिव गीता हवन होगा। आयोजक समिति ने बताया कि प्रतिदिन सुबह पार्थिव शिवलिंग की पूजा होगी।

## समस्या : जर्जर सड़क पर गंदगी और बदबूदार जलभराव, जगह-जगह गड्ढे

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर लगा जाम : यातायात रहा प्रभावित


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर मंगलवार सुबह में मुख्य गेट के पास सड़क के बीच पर कैप्सूल ट्रक खराब हो गया था, जिससे दिन भर गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर महाजाम हो गया था। इससे चारों ओर बडे वाहनों का रेलमपेल लाइन लग गयी थी तथा दिन आवागमन बाधित रहा और यातायात प्रभावित हुए। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से आमजन परेशान हो गया है।

विदित हो कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला और जांजगीर चांपा जिला के गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की सड़क जगह-जगह पर जानलेवा गड्ढे से रोज हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिम्मेदार अधिकारी इस मार्ग की हालत का जायजा तो दूर बल्कि जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है। यहां हजारों से ज्यादा वाहनों की आवाजाही होती है। मंगलवार को गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर वाहनों की महाजाम हो गया था, जिससे चारों तरफ वाहनों की लम्बी लाइन लग गई थी और घंटों तक आवागमन बाधित हो गया था और गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की सड़क पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे से पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बना है। सड़क की हालत बहुत ही खराब हो चुकी है। विभाग के अधिकारी के रवैए से आमजन काफी परेशान हो रही है। सोमवार को गिरौदपुरी एसडीएम एवं बलौदाबाजार-भाटापारा कलेक्टर को व्हाट्सएप के माध्यम मौके की फोटो वीडियो भेज दिया गया है, फोन से भी जानकारी दी गई। गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग प्रत्येक दिन लगातार बड़े वाहनों लम्बी लाइन और जाम हो रही है। राहगीर आटो एवं मोटरसाइकिल ई-रिक्शा पलटने से और बाइक से गिरकर राहगीर घायल हो चुके हैं। मंगलवार को गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर हुई भयानक जाम होने से गिधौरी से बरपाली, घटमडवा एवं शिवरीनारायण केरा रोड तक की वाहनों की लंबी लाइन हो गया था और मौके पर गिधौरी पुलिस एवं यातायात पुलिस पहुंचे हुये थे, लेकिन भीड़ इतना ज्यादा हो गया था कि जाम को हटाने में बहुत दिक्कत हो रहे थे।

## गिधौरी में युवा कांग्रेस ने दी चक्काजाम की चेतावनी




### भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग

स्थानीय लोगों ने गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग किया गया है ।क्योंकि भारी वाहनों से आये दिन दुर्घटना हो रही है और भारी वाहन से सडक उखडकर उनकी की हालत बहुत ही जर्जर हो गया और जगह जगह पर जानलेवा गड्ढे बन गया है।

### 9 जनवरी को होगा चक्का जाम

युवा कांग्रेस अध्यक्ष तुलेशवर वर्मा ने पिछले दिनो गिरौदपुरी एसडीएम को लिखित आवेदन देकर गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग की जर्जर सड़क के बारे में जानकारी दिया गया था किंतु डेढ दो माह बीत जाने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क निर्माण के लिए ध्यान नही दिया जा रहा है और एसडीएम गिरौदपुरी रामरतन दुबे द्वारा दो चार दिनो आ रहा बोलकर वे ध्यान से हटा दिया। गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर रोज हादसों से एवं जर्जर सड़क पर सुध लेने वाला कोई नही है बडे-बडे गड्ढे उसमें नाली का गंदा पानी भर जाने से आये दिन राहगीरों को परेशानी हो रही इसलिए गिधौरी मंडल जोन के कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा 9 जनवरी को समस्त दुकान बंद सहित चक्काजाम किया जायेगा। 6 जनवरी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गिरौदपुरी को लिखित आवेदन दिया गया है।

# गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलने से ही उन्नति संभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन ग्राम को कुकुरदी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा गुरु घासीदास की तस्वीर पर माल्यार्पण कर जैतखंभ की पूजा अर्चना की गई।

■ ग्राम कुकुरदी में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई

कार्यक्रम के विशेष अतिथि संतोष ध्रुव सरपंच एवं डोमार साहू, बसंत सतनामी, फूलकुंवर सतनामी की उपस्थिति थे। आयोजित जयंती समारोह पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलने से ही मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होगी। साथ ही सभी को भाईचारे का संदेश देते हुए नशा पान से दूर रहने की बात कही।

आयोजन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डोमन वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल, कार्यक्रम के अध्यक्ष चंद्रमुखी सतनामी, उपाध्यक्ष देवेंद्र सतनामी, सचिव अनुस सतनामी, भंडारी दयाल दास सतनामी, कोषाध्यक्ष आशीष सतनामी, साटीदार भरत सतनामी, युवा संगठन के अध्यक्ष नीरज सतनामी, मंच संचालक अनिल जांगड़े एवं सुनील सोनवानी, सहित नवयुवक समिति के सदस्य गण सुरेश सतनामी, अर्जुन, कृष्ण, रूद्र, दिलीप, नील कुमार, अमरदास, संदीप, संजय, मनहरण, राजेश, विनोद, कोमल, मनोज, अरुण, विमल, सतीश, फल्लीत, सागर, समीर, भोला, लक्की, ज्ञान दास, राजशेखर, गंगाराम, वीरेंद्र, भूपेंद्र व अरुण सहित समस्त कुकुरदी के ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पान दुकान से शराब बरामद

**महासमुंद।** पान दुकान से बागबाहरा पुलिस ने शराब बरामद कर नाबालिग समेत दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि सतबीर दुआ खोपली स्थित अपने पान दुकान अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा हुआ है। पुलिस जब उक्त स्थल पर पहुंची तो वहां एक नाबालिग लड़का मिला। तलाशी के दौरान दुकान से पुलिस ने देशी प्लेन शराब 16 नग तथा 05 नग आईकोल अंग्रेजी शराब कुल कीमत 1880 रुपए तथा बिक्री रकम 2000 रुपए कुल 3880 रुपए को जब्त किया। पूछताछ में नाबालिग लड़के ने बताया कि सतबीर सिंह दुआ द्वारा उसे शराब बिक्री करने के लिए दुकान में बिठाया गया है। मामले में पुलिस ने धारा 34(1)आबकारी एक्ट 95 बीएनएस, 78 जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# नहरडीह में आज मड़ई मेला और राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव

**खरोरा।** जनपद अंतर्गत ग्राम नहरडीह में इस वर्ष भी भव्य मड़ई मेला एवं राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन 7 जनवरी को दोपहर 2 बजे से ग्राम नहरडीह में संपन्न होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक धरसींवा अनुज शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक धरसींवा देवजी भाई पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नवीन अग्रवाल अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर, टिकेश्वर मनहरे अध्यक्ष, जनपद पंचायत तिल्दा, स्वाति वर्मा सदस्य, जिला पंचायत रायपुर एवं अभिषेक वर्मा अध्यक्ष, सरपंच संघ तिल्दा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

रात्रिकालीन कार्यक्रम में सुरता के डोरी डांस परिवार, निपानी जिला बालोद द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी, जो आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं लोक संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता ग्राम पंचायत नहरडीह, ग्राम विकास समिति नहरडीह एवं ग्राम साहू समाज नहरडीह हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच अनिल कुमार सायटोड़े, उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# महुआ शराब जब्त, ग्रामीणों ने महिला को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बगार में शराबबंदी को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला समूहों द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। गांव को पूर्णतः शराब मुक्त बनाने के संकल्प के साथ लगातार जन जागरूकता एवं कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में शराब के खिलाफ निकाली गई जागरूकता रैली के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला समूह को सूचना मिली कि ग्राम निवासी लीला बाई नौरंगे के घर पर अवैध रूप से महुआ शराब रखी गई है। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने तत्काल उक्त घर में दबिश दी, जहां मौके से महुआ शराब के पाउच रंगे हाथ बरामद किए गए।

कार्रवाई के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला समूह की सक्रियता और एकजुटता से यह स्पष्ट संदेश गया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में अब किसी भी प्रकार की अवैध शराब निर्माण, भंडारण



या बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टीम ने संबंधित महिला को कड़ी चेतावनी देते हुए आगे इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दी। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि शराब के कारण गांव में घरेलू कलह, आर्थिक तंगी और सामाजिक अपराध बढ़ते हैं, जिसे रोकना पंचायत की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ग्राम पंचायत बगार को पूर्ण शराब मुक्त बनाने के लिए आगे भी इस तरह की सतत कार्रवाई एवं निगरानी जारी रहेगी।

वहीं महिला समूह की सदस्यों ने कहा कि शराब सबसे अधिक नुकसान महिलाओं और बच्चों को पहुंचाती है। परिवारों को टूटने से बचाने और सामाजिक वातावरण को स्वस्थ बनाने के लिए सभी ग्रामीणों को इस अभियान में सक्रिय सहयोग देना होगा। इस कार्रवाई के बाद गांव में हड़कंप की स्थिति है, वहीं शराबबंदी अभियान को लेकर ग्रामीणों में जागरूकता भी बढ़ी है। ग्रामीणों ने पंचायत और महिला समूह की इस पहल की सराहना करते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग का भरोसा जताया है।

## सेवानिवृत्ति पर छात्रों को पानी बाटल और टिफिन बाक्स का वितरण किया

# प्रधानपाठक ने तीन स्कूलों के छात्रों को परोसा न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





प्राथमिक शाला केशला में संतोष वर्मा द्वारा अपने अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने व जन्मदिवस पर केशला के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक तथा खरोरा के पूर्व माध्यमिक स्कूल के छात्रों को न्योता भोज कराया गया। जिसमें बच्चों को खीर, गुलाब जामुन, मिर्ची भजिया, पूरी, सलाद, पापड़, दाल, चावल, सब्जी परोसी गई। बच्चों ने उत्साह से न्योता भोज का आनंद लिये। प्रधानपाठक संतोष वर्मा के परिवारजनों के सानिध्य में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, विकासखंड शिक्षाधिकारी कार्यालय से बीईओ आरपी दास, एबीईओ एलके जाहिरे सहित पदस्थ सभी कर्मचारीगण, बीएनबी प्राचार्य आरके चंदानी, भरत देवांगन खरोरा प्राचार्य रजनी मिंज, मूरा प्राचार्य संतोष शर्मा सहित शिक्षक स्टॉफ, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक डीएस ठाकुर, सेवानिवृत्त व्याख्याता हरीश देवांगन, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक गिलहरे, सुरेश साहू, संकुल समन्वयक संघ व सहायक शिक्षक फेडरेशन तिल्दा के अध्यक्ष कैलाश बघेल, चित्रसेन वर्मा, लखेश्वर वर्मा, संकुल केंद्र खरोरा के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, आस पास के विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, ग्राम पंचायत केशला के सरपंच मयाराम वंशे सहित सभी पंचगण, शाला प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारी, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर महिला समिति के समस्त महिलाएं, मां आदिशक्ति दुर्गोत्सव समिति के समस्त सदस्य, प्राथमिक शाला केशला, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला रावणभाठा केशला के रसोईया एवं ग्राम केशला के गणमान्य नागरिकों को प्रीति भोज कराया गया।

# मनरेगा से संवरने लगी नहरें ग्रामीणों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

नवीन ग्राम पंचायत सर्वानी में मनरेगा के तहत रोजगार गारंटी में ग्रामीणों को रोजगार मिलने से खुश सरपंच के प्रति आभार व्यक्त किया गया हैं। बलार जलाशय से नहरों काम मिलने सरपंचों ने खुश हैं। जिनके गांव में रोजगार गारंटी योजना के तहत काम करवाने के लिए जगह नहीं होने के कारण सिंचाई विभाग ने पास कराने पर इस सरपंच ग्राम पंचायत सर्वानी से जुड़े हुए बैजनाथ तक नहरों का साफ सफाई नहर किनारे बबूल का पेड़ झाड़ियों को कटाई नहरों को साफ सफाई अभियान शुरू हो गया हैं।

■ सरपंच की पहल पर पलायन पर लगी रोक

नहरों में गंदगी पेड़ो पौधों ने पानी को रोकथाम किया जा रहा था। अब इधर किसानों के खेतों तक आसानी से पानी पहुंचेगा। सरपंच ग्राम पंचायत सर्वानी प्रतीमा महिपाल ने बताया कि सिंचाई विभाग से अनुमोदन कराकर अपने गांव के नहर पार को सीसी रोड बनाऊंगी। फिलहाल अभी 10 लाख रुपये स्वीकृति प्रदान किया गया हैं। 1500 सौ मीटर तक नहरों का साफ सफाई किया जा रहा हैं। इसके बाद 5 लाख लागत से रोजगार गारंटी योजना के तहत नहरों का साफ सफाई का काम निरंतर जारी रहेगा। ग्रामीणों को लगातार रोजगार मिलने से बाहर पलायन करने जाने का जरूरत नहीं होगी। ग्रामीणों को रोजगार मिलने से खुश हैं, सरपंच के प्रति आभार प्रकट किया गया हैं। नहरों पार का बबूल का पेड़ झाड़ियों को कटाई घास गंदगी को साफ सफाई किया जा रहा हैं।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
03 जनवरी 2026
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 03:00, 6:45, 9:00 PM
इक्कीस
शो समय - 12:00, 6:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# पं. चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस की तैयारी शुरू

## जिला स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभागीय झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी जिले में हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिला स्तरीय समारोह पं. चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में समारोह के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। अधिकारियों को अलग-अलग कामों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी।इस अवसर पर जिला पुलिस, अर्द्ध सैनिक बल, नगर सेना एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया जाएगा। शासकीय सेवा में अपने दायित्व का बेहतर निर्वहन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा मंच से सम्मानित किया जायेगा। कार्यालय प्रमुखों से इसके लिए नाम और कार्य का संक्षिप्त विवरण मंगाया गया है। संपूर्ण कार्यक्रम की अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे स्कूल मैदान में होगी। समारोह स्थल की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, शामियाना, मंच एवं माईक, पानी व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, शांति एवं यातायात व्यवस्था, मार्च पास्ट परेड, चिकित्सा व्यवस्था आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### समारोह के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

मौसम एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैठक व्यवस्था सहित अन्य तमाम व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। गणतंत्र दिवस में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभागों द्वारा फ्लैगशिप योजनाओं पर आकर्षक झांकियों का भी प्रदर्शन होगा। इसके लिए सभी सम्बंधित अधिकारियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे पं. चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में शुरू होगा। मुख्य अतिथि यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमगा तहसील अंतर्गत वार्ड नं.1, भवानी नगर निवासी दीपक कुमार यादव पिता रामलाल यादव की शिवनाथ नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी रिंकी यादव पति स्व. दीपक कुमार यादव को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन, दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद**। स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख 25हजार रुपए का करीबन साढ़े 10 किलो गांजा बरामद किया गया। इसी दौरान एक स्कूटी जुपिटर सीजी 04 क्यूएफ. 1738 में दो व्यक्ति बीच में एक बोरी रखे आये, जिन्हें पुलिस ने रोका लेकिन वे भागने का प्रयास करने लगे। घेराबंदी कर उक्त लोगों को रोका गया और पुलिस को देख कर हड़बड़ाने का कारण पूछने पर स्कूटी चालक व पीछे बैठे व्यक्ति संयुक्त रूप से बोरी में गांजा रखना बताया। संदेहियों से पूछताछ करने पर स्कूटी चालक द्वारा अपना नाम हेमराज ठाकुर पिता सुदन सिंह ठाकुर महादेव घाट शिव पार्क कालोनी सांकरा पाटन थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रौनिक बघेल पिता देवेंद्र बघेल सिविल लाईन नहर किनारे श्यामनगर तेलीबांधा थाना तेलीबांधा जिला रायपुर का होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 10 किलो 450 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 5 लाख 25 हजार तथा स्कूटी जुपिटर वाहन 45000 रुपए कुल 5,70,000 को जब्त कर आरोपियों विरूद्ध धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## कथाकार ने तीसरे दिन शिव चरित्र, सती कथा और ध्रुव चरित्र की कथा सुनायी

# तप ही सृष्टि का आधार, बिना सम्मान कहीं जाना अनुचित : पं. त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

इस सृष्टि का आधार तप है, तप से ही मनुष्य जीवन में सब कुछ प्राप्त करता है। तप कर ही सोना कुंदन बनता है। तप से ही बड़े-बड़े ऋषि-मुनियों ने सिद्धियां प्राप्त की। तप के माध्यम से ही विद्यार्थी जीवन में ज्ञान की प्राप्ति करता है। उक्त बातें ग्राम मोहरेंगा समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित हो रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान कथावाचक पं. शिवकुमार त्रिपाठी ने कहीं।




कथा के तीसरे दिन कथा प्रसंग में कथावाचक ने व्यासपीठ से शिव चरित्र, सती कथा और ध्रुव चरित्र की कथा विस्तार से बताया तो भक्त भावविभोर हो गए। ध्रुव चरित्र की प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि सतयुग के दौरान अवधपुरी में राजा उत्तानपाद राज किया करते थे। उनकी बड़ी रानी का नाम सुनीति था और उनके कोई संतान नहीं थी। देवर्षि नारद रानी को बताते हैं कि यदि तुम दूसरी शादी करवाएगी तो संतान प्राप्त होगी। रानी अपनी छोटी बहन सुरुचि की शादी राजा से करवा देती है। कुछ समय बाद सुरुचि को एक संतान की उत्पत्ति होती है। जिसका नाम उत्तम रखा। उसके कुछ दिनों के बाद बड़ी रानी भी एक बालक ध्रुव को जन्म देती है। 5 वर्ष बाद जब राजा उत्तम का जन्म दिन मना रहे थे तो बालक ध्रुव भी बच्चों के साथ खेलता हुआ उनकी गोद में बैठ गया, जिस पर सुरुचि उठा देती है और उसे कहती है कि यदि अपने पिता की गोद में बैठना है तो अगले जन्म तक इंतजार कर। बालक ध्रुव को यह बात चुभ जाती है और वह वन में जाकर कठिन तपस्या करने लगते हैं। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु उन्हें दर्शन देते हैं और उन्हें मनचाहा वरदान देने का वचन देते हैं।

कथा के आयोजक समस्त ग्रामवासी ने बताया कि 4 से 12 जनवरी तक आयोजित हो रहे भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे हैं। कथा का समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक है।

सती कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए और प्रभु की भक्ति में कोई विघ्न नहीं डालना चाहिए। भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। लेकिन गुरु के घर में बिना बुलाए ही चले जाना चाहिए क्योंकि वह भगवान स्वरूप होता है। कथा के बीच-बीच में सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। वहीं शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग भी सुनाया गया। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई थी।

### भगवान शिवजी की कथा का श्रवण और शिव पूजन हो





**सेल**। स्थानीय नगर के डोंगियापारा शिवलिंग मंदिर के पास में 5 से 13 जनवरी तक शिव महापुराण कथा जारी है। इसमें कथावाचक पं. घनश्यामानंद पांडेय हैं। शिव महापुराण कथा के दूसरे दिवस स्रोता को कैसा होना चाहिए, वक्त को कैसे होने चाहिए, खुद के बारे में आचार्य द्वारा कथा का विस्तार रूप से से वर्णन किया गया। इसमें बताया गया कि श्रोता को निष्काम भाव से भगवान शिवजी की कथा श्रवण और शिव पूजन करनी चाहिए। सकाम भाव नहीं होना चाहिए, नहीं तो शिवजी प्रसन्न नहीं होते और कभी भी आचार्य का निंदा नहीं करनी चाहिए, जो व्यक्ति निंदा करते हैं उनको घोर नरक का प्रति होती है। आचार्य ने बताया गया कि वक्ताओं को भी ऐसे कथा बताना चाहिए जैसे लोगों को वाक्य से तकलीफ ना हो। परिक्रमा की महिमा बतायी कि कौन से देवी देवताओं में कितना परिक्रमा करनी चाहिए। गुरु की महिमा बतायी गयी, उनके योगदान के बारे में बताया गया। साथ ही रुद्राक्ष भस्म और सी नाम की महिमा बतायी गयी। इस मौके पर यजमान श्यामलाल जायसवाल, रमला जायसवाल, फागूलाल साहू, लक्ष्मीन साहू, धजाराम साहू, गंगाराम कैवर्त्य, भाऊराम कैवर्त्य, मुरारी लाल वर्मा, अशोक श्रीवास, बंशीलाल वर्मा, साहेबलाल जायसवाल, मनोज कुमार वर्मा, फुदलू जायसवाल, ननकी, भुरूवा जायसवाल, शिक्षक लखन लाल कैवर्त्य, राम अवतार साहू, लेखराम जायसवाल, रूपनारायण वर्मा, आधार श्रीवास, सुनाराम साहू, शिवमहापुराण कथा श्रवण करने के लिए महिलाओ एवं पुरुष श्रोतागण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- कृषि महाविद्यालय आलेसुर में लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम पर कार्यशाला संपन्न

दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, आलेसुर में मंगलवार को महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अंगद सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने अधिनियम 2013 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस भी संस्थान में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां धारा 4 के तहत आंतरिक शिकायत समिति आईसीसी का गठन अनिवार्य है।

यदि कर्मचारियों की संख्या 10 से कम है या शिकायत स्वयं नियोक्ता के विरुद्ध है, तो इसकी शिकायत स्थानीय शिकायत समिति के माध्यम से की जा सकती है।

महिला स्थानीय शिकायत समिति की अध्यक्ष डॉ. मनीषा साहू ने अधिनियम की प्रमुख धाराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्यस्थल पर शारीरिक संपर्क या लैंगिक अनुग्रह की मांग करना। आपत्तिजनक टिप्पणियां या अश्लील प्रदर्शन।किसी भी प्रकार का अनुचित मौखिक या शाब्दिक आचरण। ये सभी कृत्य कानूनी रूप से अपराध की श्रेणी में आते हैं और इनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है।

### अधिकारी-कर्मचारियों की रही उपस्थिति

इस एक दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, सम्मानित और भयमुक्त वातावरण निर्मित करना था। विशेषज्ञों ने जोर दिया कि जागरूकता ही उत्पीड़न रोकने का सबसे सशक्त माध्यम है।

### एप डाउनलोड कराकर बैंक खाते से ढाई लाख रुपए का ऑनलाइन फ्रॉड

**महासमुंद**। प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कराकर एक व्यक्ति से करीबन ढाई लाख रुपए के ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।तुमगांव थाने में दिए गए आवेदन में दिनेश कुमार ठाकुर पिता लोभाराम ठाकुर (44 साल) निवासी बिजरापाली थाना तेंदूकोना वर्तमान निवास तुमगांव ने पुलिस को बताया कि जनवरी को उसने अपनी कार के लिए ऑनलाइन बीओओडीएमओ कंपनी से 04 नग व्हील रीम आर्डर किया था, जिसके लिए उसने 4060 रुपए योनो एसबीआई से पेंमेंट किया था, लेकिन आर्डर नहीं दिखाया। तब उसने रकम को रिफंड के लिए गूगल से उक्त कंपनी का कस्टमर केयर नंबर निकालकर फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसने पैसा रिफंड के लिए उसे प्ले स्टोर से हेल्पडेस्ट होस्ट एप्लीकेशन डाउनलोड करने कहा। जिसे डाउनलोड कर उसने जो प्रोसेस करने कहा, उसने वह किया। इसके बाद रात 12 बजे मोबाईल हैक हो गया। दूसरे दिन 04 जनवरी को 11.29 बजे उसके बैंक खाते से अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा लगातार 35,999 रुपए, 99,999 रुपए, 14,000 रुपए, 90,000 रुपए, 9990 रुपए कुल 2,49,988 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली गई।

## निधन

### दुकलहा राम वर्मा



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा**। ग्राम पंचायत संडी निवासी 75 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रधान पाठक दुकलहा राम वर्मा का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे गैंदराम के बड़े भाई और शिक्षक ओमप्रकाश के पिता तथा नोहर, दुर्गेश और रोशन के बड़े पिता थे।

# छात्रों ने प्रधानपाठक से मांगा छेरछेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक शाला चौरेंगा में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा पर्व मनाया गया। इसमें बच्चों द्वारा प्रधान पाठक से छेरछेरा के रूप में छेरछेरा का घोष करते हुए दान मांगा गया। दान के रूप में उनको लिखने के लिए कापी और पेंसिल का दान किया गया। प्रधानपाठक मनीराम साहू ने बताया कि समय-समय पर शाला में इसी तरह के बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने का उद्देश्य, बच्चों की पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत करना एवं उनको शाला से जोड़े रखना है। ऐसे छात्र जो पढ़ाई के प्रति अरुचि के कारण शाला नहीं आते वे भी शाला से जुड़ जाते हैं। बच्चों के पालकों में भी शिक्षा के प्रति जन जागृति आती है। इस अवसर पर शाला के शिक्षक एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।



### सब जूनियर फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए दो का चयन

**महासमुंद**। सब जूनियर फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन उज्जैन (मध्यप्रदेश) में 8 से 10 जनवरी 2026 तक होगा, जिसमें वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद के कक्षा 8वी के दो छात्र लेनिस डहरिया और चहल साहू का चयन हुआ है। दोनों छात्रों के चयन से शाला परिवार एवं दोनों बच्चों के परिवार हर्षोत्साहित है।



### शीतलहर से बचने अलाव का सहारा...



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा**| अगहन की विदाई और मांघ महीने के लगते ही अंचल में चल रही ठिठुरन भरी शीतलहर से बचने के लिए गांव-गांव में गोबर के कंडे और लकड़ियों से अलाव का सहारा लेते झुंड में बैठे लोग चौक चौराहों पर हर जगह दिखाई दे रहे हैं|

## यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ

# छात्राओं को सिखाए गए साइबर सुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में विद्यार्थियों को सुरक्षित भविष्य और जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में यातायात जागरूकता और साइबर सुरक्षा पर मुख्य रूप से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नवनियुक्त थाना प्रभारी जीपी पटेल ने छात्राओं को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अटैक और डिजिटल क्राइम के प्रति विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखा जाए और किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए।



यातायात जागरूकता अभियान के तहत थाना प्रभारी ने छात्राओं से अपील की कि बिना हेलमेट और वैध लाइसेंस के मोटरसाइकिल न चलाएं। यातायात के नियमों को बोझ न समझकर अपनी सुरक्षा के लिए अपनाएं। समाज, घर और परिवार में भी जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दें।

कार्यशाला कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने थाना प्रभारी जीपी पटेल एवं पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर थाना हथबंद से प्रधान आरक्षक भालचंद्र ध्रुव एवं प्रदीप शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में विद्यालय के इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमों के पालन का संकल्प लिया।

